दिनांक 01.12.2021

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नागरिकों से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की जा रही है

भिलाईनगर/ स्थानीय निकाय चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए भिलाई निगम द्वारा शुरू की गई जागरूकता अभियान के दूसरे दिन महिलाओं के साथ स्कूली बच्चों ने भी 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुके लोगों को अनिवार्य रूप से मतदान हेतु प्रेरित करने का संकल्प लिया। निगम क्षेत्र के नागरिकों को आगामी 20 दिसंबर को होने वाले चुनाव में भय व लोभ से मुक्त होकर निष्पक्ष मतदान करने के लिए रैली निकालकर जागरूक किया जा रहा है। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की महिलाएं पाॅवरहाउस , केम्प एरिया में घूम-घूम कर लोगों अधिकाधिक मतदान करने की अपील किए। भिलाई निगम के जोन 01 में स्कूली बच्चों के बीच पहुंचकर अपने परिवार और रिश्तेदारों को मतदान को अपना नैतिक कर्तव्य बताते हुए मतदान करने जागरूक करने का संकल्प दिलाया गया। एनयूएलएम के फनीण्द्र बोस ने बताया कि आगामी निकाय चुनाव जिसके लिए 20 दिसंबर को मतदान किया जाना है उसमें सौ फीसदी मतदान के लिए आज राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की महिलाओं के समूह ने निगम क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर बैनर , पोस्टर के रैली निकालकर सभी को अनिवार्य रूप से मतदान करने जागरूक किए।निगम क्षेत्र के सभी जोन कार्यालय द्वारा लिंक रोड , केम्प एरिया, पाॅवर हाउस, श्याम नगर व कैंप क्षेत्र में महाविद्यालयीन विद्यार्थियों, चौक-चौराहा और लोगो की अधिक आवाजाही वाले स्थानों के आस पास रैली निकाली गई तथा जोन 01 और जोन 02 क्षेत्र में स्कूल में पहुंचकर विद्यार्थियों को संकल्प दिलाया गया कि वे अपने माता-पिता , सगे-संबंधी और 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुके नागरिकों को आने वाले निर्वाचन के दिन मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। रैली के दौरान महिलाएं हर एक वोट की भूमिका और महत्व को समझाते हुए मतदान में हिस्सा लेने की अपील कर रही है।